आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 सोमवार 07.07.2025

मुख्य समाचारः–

1– भाजपा के सांसदों और विधायकों का प्रशिक्षण शिविर आज से मैनपाट में शुरू हुआ–भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने किया शुभारंभ।

2– कांग्रेस ने आज रायपुर में किसान, जवान, संविधान जनसभा का आयोजन किया–पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कार्यकर्ताओं से देश और संविधान की रक्षा के लिए एकजुट रहने की अपील की।

3– बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में आठ लाख रूपए का इनामी माओवादी कमांडर मारा गया।

4– रायपुर सहित प्रदेश के अनेक जिलों में हो रही लगातार बारिश से नदी–नाले उफान पर–अनेक मार्गों पर आवागमन प्रभावित।

भाजपा–प्रशिक्षण शिविर

भाजपा के सांसदों और विधायकों का प्रशिक्षण शिविर आज से सरगुजा जिले के मैनपाट में शुरू हो गया है। इस शिविर का शुभारंभ भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने किया। शिविर के शुभारंभ सत्र को केन्द्रीय मंत्री जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने संबोधित किया।

इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बताया कि विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण शिविर में व्याख्यान देने के लिए केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित अन्य नेता आ रहे हैं। श्री साय ने कहा कि निश्चित रूप से यह प्रशिक्षण शिविर सांसदों और विधायकों के लिए बहुत ही लाभदायक साबित होगा।

इससे पहले, एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत सभी सांसदों और विधायकों ने आम, सिंदूर और रुद्राक्ष जैसे पौधों का रोपण किया।

गौरतलब है कि तीन दिवसीय यह प्रशिक्षण शिविर नौ जुलाई तक चलेगा।

कांग्रेस–जनसभा

प्रदेश कांग्रेस द्वारा आज राजधानी रायपुर के साईंस कॉलेज मैदान में किसान, जवान, संविधान जनसभा का आयोजन किया गया। सभा को सबोंधित करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र और राज्य सरकार पर अनेक आरोप लगाए। श्री खड़गे ने कहा कि प्रदेश सरकार ने कांग्रेस की जनकल्याणकारी योजनाओं को बंद कर दिया है। श्री खड़गे ने भाजपा पर संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने का आरोप लगाया। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि देश, संविधान, जल, जंगल और जमीन को बचाने के लिए सभी लोग एकजुट रहें।

जनसभा को छत्तीसगढ़ के कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव और पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू ने भी संबोधित किया।

इसके बाद कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे रायपुर स्थित राजीव भवन में प्रदेश कांग्रेस की राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक में शामिल हुए।

माओवादी–मुठभेड़

बीजापुर जिले में आज सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में एक माओवादी कमांडर मारा गया है। इस पर आठ लाख रूपए का इनाम घोषित था।

जिले के पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि नेशनल पार्क क्षेत्र में माओवादी कैडर की गतिविधियों की सूचना मिली थी। इस आधार पर बीजापुर और दंतेवाड़ा जिले के डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड–डीआरजी, स्पेशल टॉस्क फोर्स–एसटीएफ, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल–सीआरपीएफ और कोबरा बटालियन की संयुक्त टीम तलाशी अभियान पर निकली थी। इसी दौरान जवानों और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ के बाद घटनास्थल की तलाशी के दौरान एक वर्दीधारी माओवादी के शव के साथ ही एक रायफल और भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद की गई है। मृत माओवादी की पहचान सोढ़ी कन्ना के रूप में हुई है, जो पीएलजीए बटालियन की कंपनी नंबर दो का डिप्टी कमांडर था।

इस बीच, बीजापुर जिले में ही बीती रात अज्ञात व्यक्तियों ने मोदकपाल थाना क्षेत्र के चिन्नाकोडेपाल गांव के पूर्व सरपंच और वर्तमान वार्ड पंच विजय जब्बा की हत्या कर दी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है।

किसान–खाद बीज

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सभी जिला कलेक्टरों को निर्देशित किया है कि किसी भी जिले में किसानों के लिए खाद, बीज की कमी न हो। उन्होंने समय पर इनकी उपलब्धता किसानों के लिए सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुदूर वनांचल के जिलों में भी अब खाद और बीज की पर्याप्त उपलब्धता है। कृषि विभाग द्वारा किसानों की आवश्यकताओं के अनुसार बीज का भण्डारण किया गया है। वहीं, खाद वितरण प्रक्रिया को पारदर्शी, सरल और सुविधाजनक बनाया गया है, जिससे कोई भी किसान वंचित न रहे।

बारिश

प्रदेश में बीते तीन–चार दिनों से अधिकांश इलाकों में रूक–रूक कर हो रही लगातार बारिश से आम जनजीवन प्रभावित हुआ है। बारिश के कारण यातायात पर असर पड़ा है। वहीं, नदी–नाले भी उफान पर हैं। आज राजधानी रायपुर सहित उत्तर और मध्य छत्तीसगढ़ के कई जिलों में सुबह से लगातार बारिश हो रही है।

जांजगीर–चांपा जिले के रिंगनी–कुकदा पुल के ऊपर से पानी बह रहा है, जिसके कारण आवागमन बाधित हुआ है। हमारे संवाददाता राजकुमार साहू ने बताया कि बारिश के कारण शिवरीनारायण–जांजगीर मार्ग बंद हो गया है।

बिलासपुर में भी लगातार बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है। इस बीच प्रशासन ने सुरक्षा के निर्देश जारी किए हैं। और अधिक जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता रवि शुक्ला।

गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले में भारी वर्षा के कारण आवागमन अवरूद्ध हुआ है। कई स्थानों पर जलजमाव की स्थिति बनी हुई है। हमारे संवाददाता हरीश कुमार मांडवा ने बताया कि पेंड्रा–बिलासपुर मुख्य मार्ग में भी आवागमन प्रभावित हुआ है।

इस बीच, मौसम विभाग ने प्रदेश में कल आठ जुलाई को अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना जताई है। वहीं, एक–दो स्थानों पर गरज चमक के साथ भारी वर्षा होने की भी चेतावनी दी है। मौसम विभाग ने बस्तर, रायपुर, बिलासपुर, राजनांदगांव, दुर्ग, जांजगीर–चांपा, कबीरधाम और मुंगेली जिले के लिए बारिश का आरेंज अलर्ट जारी किया है।

दुर्घटना

अयोध्या से आज दर्शन कर लौट रहा छत्तीसगढ़ के श्रद्धालुओं का वाहन पेड़ से टकरा गया। इस हादसे में तीन महिलाओं की मौत हो गई। वहीं, पन्द्रह लोग घायल हो गए हैं। घायलों में महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। यह हादसा मध्यप्रदेश के शहडोल के जोरा गांव का है। पुलिस ने बताया कि गंभीर रूप से चार घायलों को बेहतर उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज शहडोल रेफर किया गया।

इधर, दुर्ग जिले के खुर्सीपार के पास कल रात एक अज्ञात ट्रक की टक्कर से नव विवाहित दंपत्ति की मौत हो गई। घटना से आक्रोशित लोगों ने देर रात सड़क पर चक्काजाम कर दिया। छावनी के नगर पुलिस अधीक्षक की समझाइश के बाद प्रदर्शनकारियों ने चक्काजाम समाप्त किया गया।

संक्षिप्त समाचार

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आगामी ग्यारह जुलाई को राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक मंत्रालय में आयोजित की जाएगी।

– शराब घोटाला मामले में आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो–ईओडब्ल्यू ने आज आरोपी बनाए गए अट्ठाईस आबकारी अधिकारियों के खिलाफ करीब तेईस सौ पन्नों का चालान विशेष कोर्ट में पेश किया।

– शीघ्रलेखन और मुद्रलेखन कम्प्यूटर कौशल परीक्षा परिषद, लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर द्वारा बारह जुलाई को अंग्रेजी मुद्रलेखन और तेरह जुलाई को हिन्दी मुद्रलेखन परीक्षा आयोजित की जाएगी।

– जांजगीर–चांपा पुलिस ने मोटर साइकिल चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी की दस मोटर साइकिलें बरामद की गई हैं।

– रायपुर के रावतपुरा सरकार मेडिकल कॉलेज को मान्यता दिलाने के नाम पर हुए रिश्वतकांड के मामले में गिरफ्तार छह आरोपियों को आज रायपुर की विशेष अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें चौदह दिन की न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

– दुर्ग जिले में स्थित भिलाई इस्पात संयंत्र के कोकोवन बैटरी का कोलटावर जर्जर होने के कारण गिर गया। इस हादसे में कोई जनहानि की खबर नहीं है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>